**प्रेस नोट दिनांक 21.07.2026**

**थाना भोजीपुरा जनपद बरेली**

**थाना भोजीपुरा #bareillypolice द्वारा गौकशी का प्रयास विफल कर पुलिस मुठभेड़ में 02 गौकश घायल गिरफ्तार, जीवित गौवंश सहित अवैध शस्त्र व उपकरण बरामद ।**

थाना भोजीपुरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गौकशी के प्रयास को विफल कर दिया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान पुलिस पर फायरिंग करने वाले दो अभियुक्तों को जवाबी कार्रवाई में घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। घटना में एक आरक्षी भी घायल हुआ। मौके से एक जीवित गौवंशीय पशु को सुरक्षित मुक्त कराया गया तथा अवैध शस्त्र एवं गौकशी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए।

**घटना का विवरणः-**

दिनांक 20/21.07.2026 की रात्रि थाना भोजीपुरा पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि पूर्व में थाना भोजीपुरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 537/2026 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित दो वांछित अभियुक्त तजुवा-मिलक करारा खड़ंजा मार्ग स्थित ग्राम मुड़िया हाफिज के निकट एक खेत में गौवंशीय पशु को काटने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची तथा अभियुक्तों की घेराबंदी करते हुए गौवंशीय पशु को सुरक्षित बचाने का प्रयास किया।

पुलिस टीम को अपने निकट आता देख अभियुक्तों ने स्वयं को घिरा हुआ पाकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचों से फायरिंग कर दी, जिसमें आरक्षी लकी के बाएं हाथ में फायरआर्म इंजरी आई। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी, जिसके उपरांत उन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने नाम दानिश पुत्र यासीन तथा फईम पुत्र मोहम्मद यासीन निवासीगण धौराटांडा थाना भोजीपुरा जनपद बरेली बताए। अभियुक्त फईम के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक जीवित कारतूस एवं एक खोखा कारतूस तथा अभियुक्त दानिश के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक जीवित कारतूस एवं एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। इसके अतिरिक्त मौके से यूकेलिप्टिस के पेड़ से रस्सियों से बंधा एक जीवित गौवंशीय पशु (बैल), जिसके चारों पैर एवं मुंह बंधे हुए थे, सुरक्षित बरामद किया गया। घटनास्थल से गौकशी में प्रयुक्त दो लोहे की छुरियां, एक बांका, एक लोहे का दांव, एक लकड़ी का गुटका तथा रस्सी के 10 टुकड़े भी बरामद किए गए।

घायल आरक्षी एवं दोनों अभियुक्तों को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोजीपुरा भेजा गया। घटना के संबंध में थाना भोजीपुरा पर मु0अ0सं0 541/2026 धारा 109(1) बीएनएस, 3/5ख/8 गोवध निवारण अधिनियम, धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम तथा धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

**बरामदगी का विवरणः-**

02 अवैध तमंचे .315 बोर

02 जीवित कारतूस

02 खोखा कारतूस

गौकशी में प्रयुक्त 02 छुरी, 01 बांका, 01 दांव, लकड़ी का गुटका एवं रस्सियाँ

01 जीवित गौवंशीय पशु (बैल) सुरक्षित बरामद

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

मु0अ0सं0 541/26 धारा 109(1) बीएनएस, 3/5ख/8 गौवध अधिनियम, 11 पशु क्रुरता अधिनियम, 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-**

1. दानिश पुत्र यासीन नि0 धौराटांडा थाना भोजीपुरा जनपद बरेली उम्र 27 वर्ष
2. फईम पुत्र मोहम्मद यासीन नि0 धौराटांडा थाना भोजीपुरा जनपद बरेली उम्र 30 वर्ष

**अभियुक्त फईम का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 258/23 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट थाना भोजीपुरा जनपद बरेली
2. मु0अ0सं0 537/26 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

**अभियुक्त दानिश का आपराधिक इतिहासः -**

1. मु0अ0सं0 84/26 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट थाना शीशगढ़ जनपद बरेली
2. मु0अ0सं0 103/26 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना शीशगढ़ जनपद बरेली
3. मु0अ0सं0 537/26 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

**पूछताछ विवरणः-**

पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे आर्थिक लाभ के उद्देश्य से गौवंशीय पशुओं की हत्या कर मांस की तस्करी करते हैं। उन्होंने बताया कि दिनांक 18/19.07.2026 की रात्रि बिरहा तालाब के पास धौराटांडा क्षेत्र में अपने अन्य 06 साथियों के साथ मिलकर गौवध की घटना को अंजाम दिया था, जिसका मांस बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित किया गया। अधिक मुनाफे के लालच में वे पुनः एक गौवंशीय बैल को काटने की तैयारी कर रहे थे, तभी पुलिस टीम मौके पर पहुँच गई। गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों घायल होकर गिरफ्तार हो गए। पूछताछ के आधार पर अन्य नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

**पुलिस टीम का विवरणः-**

प्र0 नि0 कुँवर बहादुर सिंह, थाना भोजीपुरा, बरेली

उ0नि0 रंजीत सिंह थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

उ0नि0 तनवेश कुमार थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

उ0नि0 गौरव चौधरी थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

हे0कां0 परमानन्द थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

हे0कां0 सुमित शर्मा थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

कां0 लक्की थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

कां0 नितिन कुमार थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

कां0 हरिओम सैनी थाना भोजीपुरा जनपद बरेली